जनपद हमीरपुर

थाना सुमेरपुर **दिनांक 17.06.2026**

थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा चोरी के माल सहित अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध मे।

पुलिस कार्यवाही का विवरण -

पुलिस अधीक्षक, जनपद हमीरपुर के निर्देशन में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सुमेरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 17.06.2026 को ग्राम बिरखेड़ा, थाना सुमेरपुर, हमीरपुर से स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से नीरज पुत्र राजेन्द्र निषाद को खेत में लगे सबमर्सिबल पम्प से तांबे के तार एवं स्टार्टर चोरी करते हुए गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त नीरज पुत्र राजेन्द्र निषाद निवासी ग्राम गड़रिया, थाना जसपुरा, जनपद बांदा के कब्जे से सबमर्सिबल पम्प में लगे लगभग 20 मीटर तांबे के तार, एक अदद चोरी किया हुआ स्टार्टर तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त एक अदद हंसिया एवं आरी ब्लेड के 02 टुकड़े बरामद किए गए।

बरामदगी एवं प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सुमेरपुर पर मु0अ0सं0 214/2026, धारा 303(2)/317(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त –

1.नीरज पुत्र राजेन्द्र निषाद (उम्र करीब 20 वर्ष) निवासी ग्राम गड़रिया थाना जसपुरा जनपद बांदा।

गिरफ्तारी का स्थान –

ग्राम बिरखेड़ा, थाना सुमेरपुर, जनपद हमीरपुर।

बरामदगी का विवरण –

20 मीटर तांबे का तार

01 अदद स्टार्टर

01 अदद हसिया

02 अदद आरी ब्लेड

पुलिस टीम-

1.व0उ0नि0 दुर्गेश कुमार राय

2.का0 योगेन्द्र बाबू

3.म0का0 काजल